# टीटी टूर्नामेंट में सर पदमपत सिंहानिया स्कूल बना चैंपियन

डीएम विशाख जी ने सौंपी जीत की ट्रॉफी.

### द स्पोर्ट्स हब में खेले जा रहे तीन दिवसीय टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ समापन

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (22 Jan):** द स्पोर्ट्स हब टीएसएच के ओलंपियाड हॉल में टेबिल टेनिस टूर्नामेंट के आखिरी दिन सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर स्कूल की टीम ने जीत का परचम लहराया. स्कूल ने जूनियर बालक, बालिका व सीनियर बालक, बालिका वर्ग की टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीता. सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल दूसरे और जय नारायन विद्या मंदिर व पूर्णचंद्र विद्या निकेतन की टीम को तीसरा स्थान मिला. दिव्यांग खिलाड़ी अभिषेक सिंह, अमरेश सिंह व शिवम पाल को सम्मानित भी किया गया. चीफ गेस्ट डीएम विशाख जी और जागरण ग्रुप के चैयरमैन महेंद्र मोहन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे.

## चार कैटेगरी में पदमपत की टीम को मिली जीत

सीनियर बालिका वर्ग में सर पदमपत को पहला, डीपीएस आजाद नगर को दूसरा और जय नारायन विधा मंदिर व केके गर्ल्स कॉलेज किदवई नगर को तीसरा स्थान मिला है. जूनियर बालक वर्ग में सर पदमपत पहले और जयपुरिया स्कूल दूसरे स्थान पर रहा. डीपीएस आजाद नगर व सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर तीसरे स्थान पर रहा. जूनियर बालिका वर्ग में सर पदमपत पहले, जयपुरिया दूसरे और जय नारायन विधा मंदिर की टीम तीसरे स्थान पर रही.

## अंडर 17 बालक में अदवित

अंडर 15 बालक वर्ग में आर्यन अरोड़ा विजेता और दक्ष खंडेलवाल उपविजेता रहे. जबकि अविनाश मल्होत्रा व आयुष गुप्ता तीसरे स्थान पर रह. अंडर 15 बालिका वर्ग में अभाना लयाल विजेता व सुविज्ञा उप विजेता रहीं. अंडर 17 बालको में अदवित गुप्ता विजेता व आर्यन अरोड़ा उप विजेता रहे. आशुतोष गुप्ता व दक्ष खंडेलवाल को तीसरा स्थान मिला. अंडर 17 बालिका वर्ग में सृष्टि मिश्रा विजेता व सुविज्ञा कुशवाहा उप विजेता रही. अंडर 19 बालक वर्ग में अदवित गुप्ता विजेता व दक्ष खंडेलवाल उप विजेता और अविनाश मल्होत्रा व आर्यन अरोड़ा तीसरे स्थान पर रहे.

## 40 प्लस में दिलीप सेन

अंडर 19 बालिका वर्ग में सृष्टि मिश्रा विजेता व तान्या राणा उप विजेता रहीं. तीसरे स्थान पर अमिशा गुप्ता व अभाना लायल रही. पुरुष वर्ग का खिताब सत्यम गिरी गुप्ता ने जीता. महिला वर्ग में सृष्टि मिश्रा चैम्पियन बनी. 40 प्लस वेटरन वर्ग में दिलीप सेन विजेता और आशीष कपूर उप विजेता रहे, 50 प्लस वेटरन वर्ग में आशीष कपूर विजेता और अनुराग जायसवाल उपविजेता रहे.